CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 276 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 09 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान में 'संवैधानिक विघटन' का आरोप

### चुनाव टालने पर गहलोत का बड़ा हमला, कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की राजनीति में पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनावों में देरी के कारण प्रदेश में संवैधानिक संकट की स्थिति बन रही है।

गहलोत ने कहा कि पंचायतों और नगरीय निकायों में एक वर्ष से अधिक समय से चुनाव नहीं कराए जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति कर जनता के मताधिकार को बाधित किया जा रहा है।

उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 243E और 243 का हवाला देते हुए कहा



कि पंचायतों और नगर निकायों का कार्यकाल पांच वर्ष का होता है और समय पर चुनाव कराना अनिवार्य है। वहीं अनुच्छेद 243ञ के तहत राज्य निर्वाचन आयोग की स्वतंत्र भूमिका को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि सरकार परिसीमन, पुनर्गठन और 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' जैसे कारणों का हवाला देकर चुनाव टाल रही है, जबकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि ये कारण वैध नहीं हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। हाल ही में 439 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल 2026 तक चुनाव कराने की समयसीमा तय की है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सरकार संविधान के प्रावधानों और न्यायालय के आदेशों की लगातार अनदेखी करती है, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि 'संवैधानिक विघटन' की स्थिति है। उन्होंने कहा कि 73वें और 74वें संविधान संशोधनों की भावना विकेंद्रीकरण और स्थानीय स्वशासन को कमजोर किया जा रहा है।

गहलोत ने चेतावनी दी कि लोकतंत्र में जनता के अधिकारों का हनन स्वीकार नहीं किया जाएगा और सरकार को संविधान के प्रति अपनी जवाबदेही समझनी होगी।

## शिव महापुराण कथा के दौरान बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में हुई मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के आजाद नगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में चल रही कथावाचक प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा के पहले दिन बुधवार को एक दुखद घटना सामने आई। कथा के दौरान एक बुजुर्ग महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


जानकारी के अनुसार कथा स्थल पर महिला अचानक बेहोश हो गई थी। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा तत्काल एंबुलेंस के जरिए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतका की पहचान सुरेश कंवर (60), पत्नी गोपाल सिंह, निवासी मॉर्डन कॉम्प्लेक्स, थाना सुखेर, जिला उदयपुर के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल छा गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

गौरतलब है कि मेडिसिटी ग्राउंड, आजाद नगर में 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मृतका भी अपने परिवार के साथ कथा सुनने आई थीं।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का आज भीलवाड़ा दौरा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



माननीय राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 9 अप्रैल को भीलवाड़ा के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 7 बजे जयपुर एयरपोर्ट से भीलवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे और सुबह 8:10 बजे पुलिस लाइन हेलीपेड पर पहुंचेंगे।

इसके पश्चात राज्यपाल सुबह 8:15 बजे सड़क मार्ग से मेडिसिटी ग्राउंड, आजाद नगर के लिए रवाना होंगे और 8:25 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। यहां वे प्रातः 8:30 बजे से 9:15 बजे तक जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल 9:20 बजे पुनः पुलिस लाइन हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 9:30 बजे पहुंचने के बाद 9:40 बजे अलवर के लिए रवाना होंगे।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने राज्यपाल के दौरे को लेकर संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## एनएच 27 पर तेज रफ्तार ट्रक ट्रेलर में घुसा, चालक व खलासी की मौत





**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रहे ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना गंभीर था कि ट्रक का अगला हिस्सा ट्रेलर की ट्रॉली में घुस गया, जिससे ट्रक चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गेहूं से भरा ट्रक और ट्रेलर दोनों चित्तौड़गढ़ की ओर जा रहे थे। मंगलवार रात करीब 11 बजे ट्रक चालक संभवतः आगे चल रहे ट्रेलर की दूरी और गति का सही अनुमान नहीं लगा पाया और तेज रफ्तार में पीछे से जा भिड़ा।

टक्कर के बाद ट्रक का केबिन पूरी तरह पिचक गया, जिसमें चालक और खलासी बुरी तरह फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही लाडपुरा चौकी प्रभारी रामसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

मृतकों की पहचान चालक नीभय सिंह (38), पुत्र नारायण सिंह, निवासी नवलपुरा थाना अकोला, जिला चित्तौड़गढ़ तथा खलासी पवन खटीक, पुत्र नारू खटीक, निवासी अकोला, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक साल से फरार स्थायी वारंटी सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार एसीजेएम कोर्ट माण्डलगढ़ के वर्ष 2017 के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी राजेन्द्र ओड को उसके गांव अमरपुरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी करीब एक वर्ष से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

इसके अलावा न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजौलिया के विभिन्न प्रकरणों में वांछित स्थायी वारंटी इकबाल, जावेद और अरुण भट को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां उनके मामलों का निस्तारण किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के कांस्टेबल हेमाराम एवं शिवपाल का विशेष योगदान रहा।

## अवैध पत्थर परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

क्षेत्र में अवैध खनन एवं पत्थर परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आमल्दा क्षेत्र से पत्थर भरकर आ रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। कार्रवाई के बाद दोनों वाहनों को थाने में खड़ा करवाया गया।

चौकी प्रभारी ताराचंद ने बताया कि क्षेत्र में अवैध परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर निगरानी बढ़ाई गई थी। इसी दौरान आमल्दा की ओर से आ रहे दो ट्रैक्टरों को रोककर जांच की गई, जिनमें पत्थर भरे हुए थे।

पूछताछ के दौरान वाहन चालकों के पास परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया और संबंधित चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# AVS स्कूल की बढ़ी फीस के खिलाफ अभिभावकों का विरोध, कार्रवाई की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**नरेश धाकड़ ।** क्षेत्र के आचार्य विद्या सागर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फीस एवं बस किराए में की गई वृद्धि को लेकर अभिभावकों में आक्रोश देखने को मिला। इस संबंध में अभिभावकों और जागरूक नागरिकों ने उपखंड मजिस्ट्रेट अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय द्वारा बस किराए में अचानक भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। जहां पूर्व में वार्षिक शुल्क 5,000 रुपए था, उसे बढ़ाकर 18,500 रुपए कर दिया गया है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है।

अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय का संचालन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र समिति द्वारा किया जाता है, जिसका उद्देश्य सेवा भाव और समान शिक्षा प्रदान करना है, लेकिन वर्तमान निर्णय इन सिद्धांतों के विपरीत हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल द्वारा फीस में 30 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है, जो राजस्थान विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम 2016 और सीबीएसई के नियमों के विरुद्ध है। नियमानुसार फीस वृद्धि से पहले स्कूल लेवल फीस कमेटी की पारदर्शी बैठक और अभिभावकों की सहमति आवश्यक होती है। इसके अलावा विद्यालय पर छात्रों को यूनिफॉर्म और किताबें एक ही विक्रेता से खरीदने के लिए बाध्य करने का आरोप भी लगाया गया है। अभिभावकों का कहना है कि एनसीईआरटी की सस्ती पुस्तकों के स्थान पर महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें लागू कर दी गई हैं, जिससे खर्च और बढ़ गया है।

ज्ञापन में बताया गया कि बिजोलिया क्षेत्र मुख्यतः मध्यम वर्गीय आबादी वाला है, ऐसे में इस प्रकार की वृद्धि आमजन के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि नए फीस ढांचे और बस किराए पर तत्काल रोक लगाई जाए, विद्यालय के आय-व्यय और फीस कमेटी की बैठकों की जांच की जाए तथा नियम विरुद्ध बढ़ोतरी को निरस्त किया जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक पुराने शुल्क के आधार पर ही प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं।

अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# बाबा साहेब की जयंती पर रक्तदान महाकुंभ, 424 यूनिट का आंकड़ा पार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

संविधान निर्माता बी. आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में क्षेत्रवासियों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। राजभवानी वाटिका में आयोजित शिविर में कुल 424 यूनिट रक्त संग्रहित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया।

सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो देर शाम तक जारी रहीं। युवाओं, ग्रामीणों और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।






कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रशस्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और एक यूनिट रक्त किसी के जीवन को बचा सकता है। इस आयोजन को उन्होंने बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

सोसायटी अध्यक्ष ओम नारनीवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जिले में रक्त की कमी को दूर करना है और युवाओं को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रधुम्न सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करना ही बाबा साहेब के विचारों को साकार करना है।

सोसायटी सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि शिविर सुबह 8:15 बजे शुरू हुआ और पूरे दिन रक्तदाताओं की भागीदारी बनी रही। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सा टीम और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि रक्तदान जागरूकता पखवाड़े के तहत आगे भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान कैलाश मीणा, प्रधान जीतू मूंदड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# ‘बेटियों को बनाओ सामर्थ्यवान, बहु पढ़ाओ-देश बचाओ’ : पं. प्रदीप मिश्रा

## भीलवाड़ा ने रचा भक्ति का इतिहास, शिव कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

( मूलचंद पेसवानी)

मेवाड़ की पावन धरती भीलवाड़ा में बुधवार को भक्ति का ऐसा विराट दृश्य देखने को मिला, जिसने शहर के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया। आजाद नगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में शुरू हुई श्री शिव महापुराण कथा के पहले ही दिन लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जहां तक नजर गई, वहां श्रद्धा, आस्था और भक्ति में डूबे चेहरे ही दिखाई दिए।

प्रख्यात कथावाचक प्रदीप मिश्रा जैसे ही संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज के साथ मंच पर पहुंचे, पूरा पांडाल ‘हर-हर महादेव’ और ‘श्री शिवाय नमस्तुभ्यं’ के जयघोष से गूंज उठा। व्यासपीठ पर विराजमान होने से पूर्व उन्होंने भीलवाड़ा की पावन भूमि को नमन किया।

करीब 11 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैले आयोजन स्थल पर बने विशाल डोम और पांडाल भी श्रद्धालुओं की भीड़ के आगे छोटे पड़ गए। पहले ही दिन लाखों लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।





कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने समाज को झकझोरने वाला संदेश देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि बेटियों को केवल संस्कार ही नहीं, बल्कि आत्मरक्षा के लिए सक्षम भी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। साथ ही ‘बहु पढ़ाओ-देश बचाओ’ का नारा देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षित बहुएं पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाती हैं।

भजनों ‘दमादम भोले शंकर’ और ‘भोले आपकी कृपा से सब काम हो रहा है’ पर श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, झूम उठीं और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हर ओर भक्ति की गूंज और भावनाओं का सैलाब देखने को मिला।

पंडित मिश्रा ने कहा कि किसी भी कथा का आयोजन भगवान की इच्छा से ही संभव होता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में तैयारियों के बावजूद कथा नहीं हो सकी थी, लेकिन इस बार बाबा की कृपा से आयोजन संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि ‘जब तक भगवान नहीं बुलाते, कोई कथा सुनने नहीं आ सकता। ‘

श्रद्धालुओं को सावधानी का संदेश देते हुए उन्होंने आह्वान किया कि कथा में सोने-चांदी के आभूषण पहनकर न आएं। ‘गले में सोना होगा तो चोर की नजर होगी, और रुद्राक्ष होगा तो शिव की नजर,’ इस संदेश ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया।

इतने विशाल आयोजन को देखते हुए प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। पार्किंग, बैरिकेडिंग और वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू किया गया है, साथ ही छाया, पानी और अन्य सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

पहले दिन कथा के अंत में अतिथियों द्वारा व्यासपीठ की आरती की गई और आयोजन समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें आगामी दिनों में और भी अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# भारतीय दर्शन ही वैश्विक संकटों का समाधान : डॉ. शंकरलाल माली



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ब्राह्मणों की सरेरी खंड द्वारा बुधवार को सारस्वत भवन में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकरलाल माली मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

जिला संपर्क प्रमुख लक्ष्मण कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए डॉ. माली ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में विश्व कल्याण और शांति के लिए भारत का सशक्त एवं संगठित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन की ‘वसुधैव कुटुंबकम’ की भावना ही पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हुए वैश्विक संकटों का समाधान दे सकती है।

उन्होंने कहा कि संघ ने पिछले 100 वर्षों में दैनिक शाखाओं और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग में सांस्कृतिक जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने हिन्दुत्व को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक पहचान नहीं, बल्कि एक महान संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उपासना पद्धति भले ही अलग हो, लेकिन भारत से प्रेम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस सांस्कृतिक धारा का हिस्सा है।

डॉ. माली ने समाज में संगठन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सांस्कृतिक आत्महीनता और स्वार्थ को त्यागकर ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वबोध और पर्यावरण संरक्षण जैसे ‘पंच परिवर्तन’ को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। साथ ही बच्चों में संस्कार और नैतिकता के विकास को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में खंड संघचालक रामगोपाल शर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता मंचासीन रहे। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि एवं राष्ट्रगीत के साथ हुई।

# बारिश ने खोली नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल, शहर में फैली गंदगी और कीचड़

## वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से हुई बारिश के बाद नालियों का कचरा सड़कों पर आया, कई इलाकों में हालात बदतर


भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव के चलते बुधवार को भी बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहा। अल सुबह हुई बारिश से जहां मौसम खुशनुमा हो गया, वहीं नगर की सफाई व्यवस्था की हकीकत भी सामने आ गई।

बारिश के बाद शहर के कई मोहल्लों और चौराहों पर नालियों में जमा कचरा बाहर आ गया, जिससे सड़कों पर गंदगी और कीचड़ फैल गया। इससे आमजन को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि पिछले चार माह से नालियों और नालों की नियमित सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण बारिश होते ही हालात बिगड़ गए। शहर के प्रमुख क्षेत्रों नगर पालिका चौक, चारण माता मंदिर रोड, तेजाजी का चौक, सब्जी मंडी मार्ग, पथिक नगर मार्ग, रोडवेज बस स्टैंड और शहर कोट के भीतर स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। कई जगह नालियां जाम हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका केवल शिकायत मिलने या फोटो भेजने के बाद ही कार्रवाई करती है, जबकि नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने से



आमजन को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# भीलवाड़ा से मथुरा के लिए नई रोडवेज बस सेवा शुरू, यात्रियों को मिलेगी राहत



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

यात्रियों की सुविधा और सुगम सफर को ध्यान में रखते हुए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, भीलवाड़ा आगार द्वारा भीलवाड़ा से मथुरा के लिए नई रोडवेज बस सेवा शुरू की गई है। इस नई सेवा से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

बस के प्रथम आगमन पर जहाजपुर में स्थानीय लोगों ने चालक और परिचालक का माला पहनाकर स्वागत किया। इसी तरह मार्ग के अन्य शहरों और कस्बों में भी बस का स्वागत किया गया।

यह बस भीलवाड़ा डिपो से प्रस्थान कर शाहपुरा, देवली, टोंक, लालसोट, दौसा, सिकंदरा, नगर, डीग और गोवर्धन होते हुए लगभग 12 घंटे का सफर तय कर मथुरा पहुंचेगी।

नई बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को अब सीधे मथुरा तक बेहतर और सुलभ परिवहन सुविधा मिल सकेगी, जिससे धार्मिक और अन्य यात्राओं में काफी सुविधा होगी।



QUICK BITES

## अब सिंधी भाषा में भी उपलब्ध होगा भारतीय संविधान, 10 अप्रैल को होगा लोकार्पण, झुरानी रहेंगे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**






**( मूलचंद पेसवानी)** भारत के संविधान की पुस्तक अब अन्य भाषाओं के साथ-साथ सिंधी भाषा में भी उपलब्ध होगी। सिंधी भाषा में तैयार संविधान का लोकार्पण 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी. पी . राधाकृष्णन द्वारा संविधान की सिंधी संस्करण पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। सिंधी सेवा समिति के मनीष सबदानी ने बताया कि यह लोकार्पण समारोह उपराष्ट्रपति भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी उपस्थित रहेंगे। भीलवाड़ा से भाजपा नेता विनोद झुरानी भी इस समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। 10 अप्रैल 1967 को सिंधी भाषा को सरकारी मान्यता दिलाने के लिए संसद में प्रस्ताव भी उनके द्वारा ही रखा गया था। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज संविधान की पुस्तक सिंधी भाषा में भी उपलब्ध हो रही है।

उन्होंने कहा कि सिंधी एक समृद्ध और गौरवशाली भाषा है, और देशभर के लाखों सिंधी समुदाय के लिए यह ऐतिहासिक और गर्व का विषय है कि अब उन्हें अपनी मातृभाषा में संविधान पढ़ने का अवसर मिलेगा।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस पहल के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

## गाय, गंगा व गीता भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ हैं

### गौशाला में गो भक्तों ने किया गो पूजन, हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



कस्बे की केसरी द्वारकाधीश गौशाला में बुधवार को गो भक्तों द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से गो पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गो भक्तों का सम्मान भी किया गया।

श्री द्वारकाधीश गौशाला के संचालक डॉ. एन के सोनी ने कहा कि गाय, गंगा और गीता भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ हैं। इनका पूजन एवं संरक्षण करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने सभी से अपने जीवन में गोवंश की सेवा एवं रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया।

गौ तीर्थ द्वारिकाधीश सामुदायिक गौशाला काछोला में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक एवं धार्मिक गौ सेवा कार्यों में अग्रणी गो भक्तों गोपाल मंत्री, सीमा मंत्री सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गौ माता की पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गो भक्तों ने गौ माता को हरा चारा खिलाया तथा सेवा भाव से योगदान दिया। इस अवसर पर देवीलाल धाकड़, गोपाल मंत्री, सीमा, राधिका सहित कई गो भक्त मौजूद रहे।

गो भक्तों ने गौ माता के लिए एक पेटी गुड़ एवं दो कट्टे जौ भी भेंट किए। कार्यक्रम के अंत में गौ माता के जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 290 दिन का धरना, फिर भी नहीं सुनवाई, किसानों ने दी आत्महत्या की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जालिया गाँव में किसानों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। किसान पिछले 290 दिनों से लगातार धरने पर बैठे हैं, जबकि इससे पहले भी वे 205 दिनों तक आंदोलन कर चुके हैं। पूर्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओपी मेहरा और अतिरिक्त एसपी पारस जैन की मौजूदगी में 300 से 400 पुलिसकर्मियों के बीच करीब चार घंटे चली वार्ता के बाद जिंदल कंपनी के साथ समझौता हुआ था, जिसे जिंदल के लेटरपैड पर लिखित रूप दिया गया। प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि इस समझौते को सात दिनों में लागू किया जाएगा, अन्यथा लापिया पॉइंट को बंद कर दिया जाएगा।

लेकिन किसानों का आरोप है कि न तो आज तक समझौता लागू किया गया और न ही डीजीएमएस के नियमों का पालन हो रहा है। नियमानुसार जहां केवल 34 मिमी गहराई और 2 से 3 किलो बारूद की अनुमति है, वहीं जिंदल कंपनी 125 मिमी चौड़ाई और 50 से 60 किलो बारूद का इस्तेमाल कर रही है, जो पूरी तरह अवैध है। इसके कारण पूरे गांव में भय का माहौल है। कई मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, कुछ ढह भी गए हैं और खेतों में काम कर रही महिलाओं समेत कई लोग घायल हो चुके हैं।

हाल ही में पत्थरगड़ी की प्रक्रिया के दौरान पटवारी कंजन शर्मा, गिरदावर कैलाश चंद तेली और जिंदल कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि उनके खसरे जानबूझकर छोटे किए जा रहे हैं, ताकि जिंदल कंपनी को फायदा पहुंचाया जा सके। किसानों ने मांग की है कि खसरों को तुरंत बराबर किया जाए, रिकॉर्ड की शुद्धि की जाए और जब तक लिखित समझौते की सभी शर्तें लागू नहीं होतीं, तब तक पत्थरगड़ी का आदेश रद्द किया जाए।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन, भीलवाड़ा जिला कलेक्टर और राज्य सरकार की होगी। अब बड़ा सवाल यह है कि 290 दिनों से जारी इस आंदोलन के बावजूद सरकार और प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया। क्या प्रशासन जिंदल कंपनी के दबाव में है या फिर किसी राजनीतिक संरक्षण के चलते किसानों की अनदेखी की जा रही है। किसानों ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो स्थिति कभी भी गंभीर हो सकती है।

# पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नागेन्द्र कुमार तोलम्बिया के निर्देशानुसार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुवाणा में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को सुरक्षा, विधिक जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा एवं उनसे जुड़े प्रमुख कानूनों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, डिजिटल माध्यमों पर सुरक्षित रहने तथा आत्म सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र और वन स्टॉप सेंटर की विस्तृत जानकारी भी साझा की।

विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी अकाउंट और निजी जानकारी साझा करने के जोखिमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड और फोटो किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

सामाजिक परामर्शदाता सीमा शर्मा ने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया तथा किसी भी समस्या की स्थिति में परिवार, शिक्षकों और प्रशासन से सहायता लेने की बात कही। वहीं, मनोसामाजिक परामर्शदाता सुनीता शर्मा ने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस हेल्पलाइन 112 सहित विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इन नंबरों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया।



कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरोज लढ़ा, अध्यापिका सुनीता जोशी, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. दिव्यजोत भाटिया सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# ईट भट्टा नियोजकों के साथ उप श्रम आयुक्त की बैठक आयोजित

### ईट भट्टे पर श्रम अधिनियमों की पालना करने के दिये निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

उप श्रम आयुक्त कार्यालय में उप श्रम आयुक्त की अध्यक्षता में चिमनी ईट भट्टा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व ईट भट्टा नियोजको के साथ बुधवार को बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपश्रम आयुक्त शिवदयन सोलंकी ने बताया कि बंधक श्रम से संबंधित शिकायतो, बंधक श्रमिक पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 के प्रावधानो के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ईट भट्टा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व ईट भट्टा नियोजको को ईट भट्टे पर श्रम अधिनियमों की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया। तथा जिले के समस्त ईट भट्टा मालिको को उक्त नियमो की जानकारी/जागरूक करने के लिए कहा गया। साथ ही भट्टो पर कार्यरत श्रमिकों के परिवारो के बच्चों को शिक्षा से जोडने की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान ईट भट्टा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके संबंध में संबंधित नियमों व अधिनियमों की जानकारी प्रदान की गई।



बैठक में ईट भट्टा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमावत, सचिव श्री दिनेश पारीक व अन्य ईट भट्टा मालिक उपस्थित रहें।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, बालिकाओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

तालुका विधिक सेवा समिति, द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय, में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी ने बालिकाओं को साइबर क्राइम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में बालिकाओं का इसके प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने साइबर अपराध के विभिन्न प्रकार जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग और साइबर बुलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उनसे बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को सलाह दी कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या अपराध होने पर तुरंत पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।




कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के साथ संवाद भी किया गया और उनके सवालों के जवाब दिए गए।

इस अवसर पर कनिष्ठ लिपिक नरेश धाकड़, स्टेनो थर्ड हिमांशु उपाध्याय, पीएलवी अंजली नायक, पीएलवी गोपाललाल पाराशर, विद्यालय की प्रधानाचार्य पायल लूनीवाल, उपप्रधानाचार्य हेमंत राठौड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं 85 बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# आसींद में गूंजा नवकार मंत्र, विश्व शांति के लिए निकली भव्य रथ यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

विश्व शांति और सौहार्द के संदेश के साथ 'विश्व नवकार दिवस' की पूर्व संध्या पर आसींद नगर में सकल जैन समाज द्वारा भव्य नवकार मंत्र रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य जन-जागरण के साथ नवकार मंत्र की महिमा का प्रसार करना रहा।

रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से प्रारंभ हुई, जिसमें सुसज्जित रथ पर नवकार मंत्र की स्थापना की गई थी। रथ के आगे जैन समाज के बच्चे, युवा और महिलाएं धर्म ध्वजाएं हाथों में लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नवकार मंत्र का जाप करते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक हो गया।



यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लिया। कतारबद्ध होकर चल रही महिलाएं और बच्चे नगरवासियों को शांति, अहिंसा और सद्भाव का संदेश दे रहे थे। रथ यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया गया।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नवकार मंत्र केवल जैन समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण मानवता के कल्याण और विश्व शांति का प्रतीक है। 'विश्व नवकार दिवस' की तैयारियों के तहत इस रथ यात्रा के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक प्रेरणा देने का प्रयास किया गया। रथ यात्रा नगर के मुख्य बाजारों और प्रमुख चौराहों से होकर संपन्न हुई, जहां समापन पर सामूहिक आरती और मंगल पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# सकल हिन्दू समाज की एकता व जागृति से ही सनातन संस्कृति की रक्षा संभव : मणि प्रभ सागर

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन बदलते परिवेश और वैश्विक चुनौतियों के बीच सकल हिन्दू समाज को एकता और जागृति के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के मार्ग पर चलकर ही वैश्विक शांति संभव है।

यह विचार आचार्य जिन मणि प्रभ सागर सूरीश्वर महाराज ने बरूंदनी-सिंगोली मार्ग स्थित मातेश्वरी सोमानी (कुदाल) परिसर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि केवल धन-संपदा एकत्रित करने से कल्याण संभव नहीं है, बल्कि यदि कुछ संचित करना है तो भगवान की भक्ति को संचित करें, वही जीवन में साथ जाती है। भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन और सूरदास के प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने बताया कि ईश्वर की कृपा से ही जीवन की हर घटना घटित होती है। उन्होंने आत्मा की पुकार सुनने और चंचल मन की बजाय भक्ति मार्ग अपनाने का आह्वान किया।



आचार्य मणि प्रभ सागर, गणिवर्य मयंक प्रभ सागर एवं मुनि विरक्त प्रभ सागर म.सा. के बरूंदनी आगमन पर माहेश्वरी समाज द्वारा भव्य अगवानी की गई। श्रद्धालुओं के आग्रह पर धर्मसभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बरूंदनी के शिक्षाविद प्रभुलाल सोमानी ने क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व, भौगोलिक स्वरूप और आजीविका के साधनों पर प्रकाश डाला तथा पांडवों के भंवरिया स्थल की जानकारी दी। कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त गायिका निशा हींगड़ ने भजन प्रस्तुति दी।

धर्मसभा में माहेश्वरी समाज बरूंदनी के अध्यक्ष रामराय लड्ढा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार लड्ढा, पूर्व सरपंच लादूराम सोमानी, घनश्याम सारस्वत, नीरज पाराशर, नन्दकिशोर सोमानी, जगदीश तुरकिया, सुशीला असावा, पुष्पा तुरकिया, लक्ष्मी नराणीवाल, बसंता वैष्णव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आधी रात को तेज अंधड़, बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)

सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मंगलवार मध्यरात्रि को सवाईपुर क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज अंधड़ के साथ झमाझम बारिश हुई और कई स्थानों पर चने के आकार के ओले भी गिरे। इस बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में पड़ी किसानों की फसलें भीग गईं, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।



क्षेत्र के सोपुरा जाटों का, ढेलाणा, सालरिया, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, लसाड़िया, रेड़वास, रघुनाथपुरा, कुड़ी, बोरखेड़ा, खजीना, होलिरड़ा, खरेड़, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा, कांदा और रुपाहेली सहित कई गांवों में कहीं मध्यम तो कहीं तेज बारिश दर्ज की गई। कुछ गांवों में ओलावृष्टि ने हालात और बिगाड़ दिए।

ढेलाणा निवासी किसान हीरालाल जाट ने बताया कि मध्यरात्रि को तेज हवा के साथ झमाझम बारिश और ओले गिरने से खेतों में काटकर रखी गेहूं, चना और जौ की फसलें पूरी तरह भीग गईं, जिससे वे खराब होने लगी हैं। उन्होंने बताया कि फसल के भीगने से उसका रंग फीका पड़ जाएगा, जिससे बाजार में उचित भाव नहीं मिल पाएगा।

इस नुकसान से किसान वर्ग गहरी चिंता में है। किसानों का कहना है कि 'प्रकृति ने साथ नहीं दिया, अब सरकार से ही उम्मीद है।' उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा दिया जाए।

# शिक्षक प्रतिनियुक्ति से गांव का स्कूल प्रभावित, ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी से लगाई गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।

उपखण्ड क्षेत्र के आलोला गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था चरमराने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। बुधवार को मेहरू कलां प्रशासक कैलाश देवी जैन के नेतृत्व में आलोला व मेहरू कलां के ग्रामीणों ने सावर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय में कार्यरत शिक्षक अनिल कुमार जैन को प्रतिनियुक्ति से कार्यमुक्त कर पुनः विद्यालय में भेजने की मांग की है।



ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक अनिल कुमार जैन पिछले करीब दो वर्षों से निर्वाचन कार्यालय, उपखण्ड कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। इसके चलते विद्यालय की पूरी शिक्षण व्यवस्था एक ही शिक्षक के भरोसे चल रही है। वहीं शेष शिक्षक भी विभागीय कार्यों में व्यस्त रहने से बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षण व्यवस्था कमजोर होने के कारण छात्रों का शैक्षणिक स्तर गिर रहा है और अभिभावक मजबूरी में अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेज रहे हैं। वर्तमान में विद्यालय का नामांकन घटकर मात्र 8 रह गया है, जबकि बीते शिक्षा सत्र में कक्षा 3 और 5 में नामांकन शून्य रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि कम नामांकन के चलते विभाग द्वारा विद्यालय को बंद करने का निर्णय भी लिया गया है, जिससे क्षेत्र के गरीब परिवारों के सामने बच्चों की शिक्षा को लेकर संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय में शिक्षकों की पर्याप्त और नियमित व्यवस्था की जाए तथा प्रतिनियुक्त शिक्षक को तत्काल कार्यमुक्त कर विद्यालय में भेजा जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके और विद्यालय को बंद होने से बचाया जा सके। इस दौरान राजु जैन, गंगाराम, धन्नाराम, रामपाल कुमावत, रामदेव,नोरत कुमावत सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए भगवान गणेश को दिया निमंत्रण, भक्ति और उत्साह का संगम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के गांधीनगर स्थित निंबार्क आश्रम में बुधवार को भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट की ओर से 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन की निर्विघ्न संपन्नता के लिए श्रद्धालुओं द्वारा प्रथम पूज्य भगवान गणेश को भावभीना निमंत्रण दिया गया।

आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में निकले इस निमंत्रण जुलूस में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे निंबार्क आश्रम से हुई, जहां से भक्तों का काफिला गांधी नगर स्थित गणेश मंदिर की ओर रवाना हुआ।



जुलूस में आयोजन की विशेष ड्रेस कोड की झलक भी देखने को मिली। महिलाएं हरे रंग की साड़ियों में प्रकृति और खुशहाली का प्रतीक बनी नजर आईं, जबकि पुरुष श्वेत कुर्ता-पायजामा पहनकर सादगी और शुचिता का संदेश देते दिखे। ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग को 'जय श्री गणेश' और 'राधे-राधे' के जयघोष से गुंजायमान कर दिया।

गणेश मंदिर पहुंचकर महंत मोहन शरण शास्त्री ने विधिवत पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश को सामूहिक विवाह सम्मेलन की प्रथम कुमकुम पत्री अर्पित की गई और पीले चावल चढ़ाकर सप्रेम आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर महंत शास्त्री ने कहा कि कोई भी शुभ कार्य विघ्नहर्ता भगवान गणेश की अनुमति के बिना पूर्ण नहीं होता। 19 अप्रैल को आयोजित होने वाला यह सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में समरसता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा। उन्होंने इसे पूरे समाज का साझा संकल्प बताया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, भामाशाह और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भगवान से प्रार्थना की कि विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़ों का जीवन सुखमय और सफल रहे। देर शाम तक चले इस आयोजन में अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

QUICK BITES

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में काम के विरोध में शिक्षकों ने सावर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शिक्षक संघ सियाराम उप शाखा सावर द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य करवाने एवं अवकाश में कटौती के विरोध में बुधवार को उपखंड अधिकारी के माध्यम से शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में 10 दिन की कटौती की गई है, जो अनुचित है। उन्होंने मांग की कि या तो इस कटौती को तुरंत वापस लिया जाए, अथवा यदि कटौती यथावत रखी जाती है तो संबंधित अवधि का नियमानुसार उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाए। इसके साथ ही वर्ष में प्रधानाध्यापक द्वारा दिए जाने वाले दो अधिकृत अवकाश को घटाकर एक करना भी गलत बताया गया और इसे पुनः दो करने की मांग की गई। शिक्षकों ने कहा कि जून माह में भीषण गर्मी और लू के कारण छोटे बच्चों को अध्ययन में भारी परेशानी होती है, ऐसे में अवकाश में कटौती विद्यार्थियों के हित में नहीं है। उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश को पूर्ववत 17 मई से 30 जून तक यथावत रखने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक संघ सियाराम के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें अध्यक्ष विष्णु सिंह राठौड़, सचिव रामचंद्र खटीक, राज्य प्रतिनिधि हंसराज लोधा, रामस्वरूप खटीक, लबन किशोर मीणा, भगवत सिंह शक्तावत, अनिल कुमार बेरवा, अनिल कुमार जैन, मनीष कुमार पारीक, हबीबुर रहमान, अख्तर हुसैन, भागचंद माली, मनीष कुमार जैन, सत्येंद्र कुमार, कमलेश कहार, नरेश कुमावत, देवराज गुर्जर, जय सिंह मीणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उपभोक्ता कल्याण समिति ने ऑर्गेनिक छाछ का वितरण कर दी गर्मी से राहत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीषण गर्मी के बीच उपभोक्ता कल्याण समिति, राजस्थान द्वारा राहगीरों और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ऑर्गेनिक मसाला छाछ का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन के नेतृत्व में सत्यनारायण मंदिर के बाहर किया गया, जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत कोठारी का विशेष सहयोग रहा।

प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारु ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा लगभग 60 लीटर मसाला छाछ तैयार कर राहगीरों को पिलाई गई, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिली। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि समिति का उद्देश्य केवल सेवा कार्य ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। इसके लिए आगामी दिनों में विभिन्न शिविरों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान युवा प्रदेशाध्यक्ष अनिल कुमार पारीक, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, महिला प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़, प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी, संगीता अग्रवाल, राकेश सक्सेना, राजेश पाटनी, अनिल मेहता, अनिता आर्य, रजनी सिंघवी, पीरू सिंह गौड़, रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## सुज़ुकी एन्क्लेव सोसाइटी के राठी निर्विरोध अध्यक्ष बने

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



चित्तौड़ रोड स्थित सुज़ुकी एन्क्लेव सोसाइटी के चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के तहत सर्वसम्मति से संजय राठी को अध्यक्ष, विनोद कुमार गग्गड को महासचिव तथा अनुज मुछाल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष आर. एल. जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान सोसाइटी में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। वहीं निवर्तमान महासचिव राजकमल अजमेरा ने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

बैठक के दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने आगामी समय में सोसाइटी क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों, सुविधाओं के विस्तार एवं सामूहिक सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों का सोसाइटी के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि संजय राठी के नेतृत्व में सोसाइटी विकास के नए आयाम स्थापित करेगी तथा आपसी सौहार्द, सहयोग और समन्वय की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी।

बैठक में सोसाइटी से वरिष्ठ सदस्य दिनेश नौलखा, अनिल अग्रवाल,अशोक काबरा, राजेन्द्र काबरा, कैलाश बिड़ला, पारस जैन, विशाल इनानी,मनीष बजाज, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश त्रिवेदी,कैलाश डाड,श्याम सुंदर समदानी सभी सदस्य उपस्थित थे द्य

## बाइक चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मांडल थाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई थानाधिकारी आयुष श्रोत्रिय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 7 अप्रैल को भवानी शंकर जंगलिया निवासी जिपीया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल 25 मार्च को कंचन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी परिसर से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई। घटना के सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की पहचान कर उन्हें डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली, जिसके बाद समीर पुत्र सरदार खां पठान, समीर अली पुत्र शौकत अली शाह और शोयल मोहम्मद उर्फ जाहिद पुत्र रहीस मोहम्मद पठान को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।